प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. पांचवें चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर नामांकन जारी : भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ और वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी से किया नामांकन।
2. छठें चरण के लिए अधिसूचना जारी : प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर छह मई तक दाखिल होंगे नामांकन पत्र।
3. लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एटा, हाथरस और बसपा प्रमुख मायावती ने बदायूं में जनसभा को किया संबोधित।

और

4. देशभर के परीक्षा केंद्रों पर यूजीसी नेट जून 2024 सेशन की परीक्षा अब 16 जून के बजाय 18 जून को होगी : जल्द जारी होगी अधिसूचना।

———————

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय क्षेत्र और पार्टी

की वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज अमेठी से अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल करने से पहले राजनाथ सिंह ने हनुमान सेतु मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वह भाजपा के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां पर भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके नामांकन जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में मुसलमानों, विशेषकर महिलाओं ने फूलों की पंखुड़ियाँ बरसाईं और तख्तियाँ लेकर उनका समर्थन किया। श्री सिंह लखनऊ संसदीय क्षेत्र से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

भाजपा की एक और नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी से अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उनके साथ मौजूद रहे। नामांकन से पहले

रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नजर आए। पिछली बार 2019 में स्मृति ईरानी ने इस सीट से तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को हराया था। अटकलें लगाई जा रही हैं कि राहुल गांधी इस सीट से दोबारा चुनाव लड़ेंगे और इसकी घोषणा कभी भी हो सकती है।

अमेठी लोकसभा क्षेत्र से आज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रवि प्रकाश मौर्य समेत पांच अन्य प्रत्याशियों ने भी नामांकन दाखिल किया। वहीं हमीरपुर में आज इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था के बीच अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस चरण में चौदह लोकसभा सीटों पर तीन मई तक नामांकन भरे जा सकेंगे।

---------

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर होने वाले चुनाव की अधिसूचना आज जारी हो गई। नामांकन के पहले दिन फूलपुर लोकसभा सीट से गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने पर्चा दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्हांने संगम स्थित लेटे हनुमान जी मंदिर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं मछली शहर सुरक्षित सीट से भाजपा प्रत्याशी और सांसद बीपी सरोज और जौनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने आज अपना नामांकन दाखिल किया।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि छठे चरण में उत्तर प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। इन 14 सीटों में 12 सीटें सामान्य और लालगंज व

मछलीशहर सीट अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित हैं। इन सीटों पर उम्मीदवार 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी। उम्मीदवार 9 मई तक अपना नाम वापस ले सकेंग। इन सीटों के लिये मतदान 25 मई को होगा।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों के लिए सात मई को मतदान होना है। इसमें मैनपुरी की अहम सीट भी शामिल है। समाजवादी पार्टी का गढ़ कही जाने वाले इस सीट पर सपा से मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू और मौजूदा सासंद डिम्पल यादव दोबारा मैदान में हैं। भाजपा ने मैनपुरी से ताल्लुक रखने वाले प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने शिवप्रसाद यादव को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा पांच अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। एक रिपोर्ट............

*मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक कर्मभूमि रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर 1996 से समाजवादी पार्टी का कब्जा है। इस सीट पर 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत हासिल नहीं कर पाई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के रूप में मुलायम सिंह यादव ने भाजपा उम्मीदवार प्रेस सिंह शाक्या को 94 हजार 389 मतों से हराया था। 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में उनकी पुत्रवधू डिंपल यादव ने भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 2 लाख 88 हजार वोटों के बड़े अंतर से हराकर जीत हासिल की थी। इस बार भी सपा ने डिंपल यादव को ही प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने मैनपुरी सदर से*

*विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह को टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने नामांकन के अंतिम समय में पूर्व घोषित प्रत्याशी डॉ गुलशनदेव शाक्य का टिकट काटकर शिवप्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया है। सभी राजनैतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाना शुरू कर दिया है।*

*नीरज शर्मा, आकाशवाणी समाचार, मैनपुरी।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

प्रदेश के अंदर दो चरणों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के साथ ही अन्य चरणों के लिए चल रहे प्रचार अभियान ने तेजी पकड़ ली है। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक, नेता व प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो के माध्यम से अपनी अपनी पार्टी को वोट देने की अपील कर रहे है। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने बदायूं में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को तरह भाजपा ने भी

एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दिया है। आज अकेले दम पर बसपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है। मायावती ने कहा कि सपा का रवैया टिकट देने का कसा होता है ये सभी जानते हैं। भाजपा पर  हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने आरक्षण का कोटा भी पूरा नहीं किया है। सरकार की गलत नीतियों से किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है और देश की सीमाएं भी आज सुरक्षित नहीं हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा भाजपा सरकारों द्वारा जनता को, जो खाद्य सामग्री दी जा रही है, वह जनता के ही पैसे की है।

उधर, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज एटा, हाथरस और आगरा में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य की मौजूदा सरकारों पर जमकर निशाना साधा। सपा मुखिया ने सत्ताधारी दल पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा आरक्षण को खत्म करना चाहती है। अगर देश में गठबंधन की सरकार बनेगी तो वे न सिर्फ जातिगत जनगणना कराकर सबको उनके हिस्से का आरक्षण देंगी, बल्कि किसानों के कर्ज को भी माफ करगी।

उधर, जौनपुर पहुँचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। केशव प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव के दावों में दम नहीं है। भाजपा प्रदेश की सभी सीटें जीतने जा रही है।

———————

यूजीसी नेट जून 2024 सेशन की परीक्षा अब 16 जून के बजाय 18 जून 2024 को देशभर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यूजीसी अध्यक्ष प्रो. मामीडाला जगदीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। यूजीसी अध्यक्ष ने अपने साशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और यूजीसी ने उम्मीदवारों से प्राप्त फीडबैक के कारण यूजीसी–नेट को 16 जून से 18 जून करने का फैसला किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एक ही दिन में पूरे भारत में ओएमआर मोड में यूजीसी–नट की परीक्षा आयोजित करेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जल्द ही औपचारिक अधिसूचना जारी करेगी।

———————

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि प्रभु का दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम के दर्शन पाना सौभाग्य की बात है। आज प्रभु को भव्य–दिव्य मंदिर में विराजमान देखकर मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रभु श्रीराम ने आदर्श की स्थापना की थी, उससे प्रेरणा लेकर शासन कैसे चलेगा यह हमें निर्धारित करना है।

———————

गोरखपुर जनपद स्थित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में रोजगारपरक एवं अन्य महत्वपूर्ण विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। बीएससी नर्सिंग, बी फार्मा, बीबीए लॉजिस्टिक समेत कई जॉब ओरिएंटेड और स्नातक, परास्नातक, डॉक्टरेट व डिप्लोमा कोर्सेज में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी अब 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। यह जानकारी आज महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी।

(समाप्त)